भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 23.09.2025

आरेडिका में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में दिनांक 18.09.2025 से 23.09.2025 तक साइकिल रैली, पैदल चाल, तैराकी, शतरंज आदि खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन आरेडिका खेलकूद संघ के अध्यक्ष एवं प्रधान वित्त सलाहकार बी. एल. मीना के नेतृत्व में किया जा रहा है।

तैराकी प्रतियोगिता के अन्तर्गत विभिन्न आयु–वर्ग के बच्चों एवं महिला और पुरूषों के लिए पृथक– पृथक प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। महिला तैराकी में पूजा पाल, सुमन मिश्रा एवं सोनी कुमारी ने क्रमश प्रथम, द्वितीय, तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं पुरुष तैराकी में चन्दन यादव, सुनील कुमार सिंह तथा नन्दन प्रसाद ने क्रमश प्रथम, द्वितीय, तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। रिले तैराकी में नन्दन प्रसाद की टीम विजेता रही।

शतरंज प्रतियोगिता में दिनांक–23.09.2025 को अजय वर्धन, विजय कुमार, प्रभु कमार सिंह एवं रामबाबू शर्मा के मध्य सेमी फाइनल खेला जाएगा और जो सेमी फाइनल में जीत दर्ज करेंगे वे खिलाड़ी फाइनल में खेलेंगे।

आरेडिका खेलकूद संघ के अध्यक्ष एवं प्रधान वित्त सलाहकार बी. एल. मीना तथा खेल–कूद अधिकारी पदमश्री एवं अर्जुन अवार्डी सुधा सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी तथा सभी को खेलों के साथ–साथ स्वच्छता अपनाने एवं अपने आस पास साफ–सफाई करने के लिए प्रेरित किया।

इन स्वच्छता कार्यक्रमों के सफल आयोजन में आरेडिका खेलकूद संघ के अध्यक्ष एवं प्रधान वित्त सलाहकार बी. एल. मीना, खेलकूद संघ के सचिव अरविन्द कुमार, खेल–कूद अधिकारी पदमश्री एवं अर्जुन पुरस्कार प्राप्त सुधा सिंह, खेलकूद संघ के संयुक्त सचिव–1 अमरजीत कुमार एवं खेलकूद संघ के संयुक्त सचिव–2 पंकज राय सहित संघ के सभी सदस्य, एवं कर्मचारीगणों का सहयोग रहा।

23/9/2025

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी